**बिहार सरकार**

**<u>खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग</u>**

पत्रांक – प्र010 र0वि0अधि0 –08/2023– 1898 खाद्य, पटना/दिनांक– 05/04/2024

प्रेषक,

डॉ0 एन0 सरवण कुमार,
सरकार के सचिव।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी।

विषय :– रबी विपणन मौसम, 2024–25 में गेहूँ अधिप्राप्ति के लिये निर्गत मार्गदर्शिका में गेहूँ अधिप्राप्ति के लिये निर्धारित लक्ष्य को संशोधित करने के संबंध में।

प्रसंग :– विभागीय पत्र संख्या 1860, दिनांक 04.04.2024

महाशय,

उपरोक्त विषय के संदर्भ में कहना है कि रबी विपणन मौसम, 2024–25 में राज्य के किसानों से गेहूँ अधिप्राप्ति करने हेतु प्रासंगिक पत्र के द्वारा कार्य योजना एवं मार्ग निर्देश निर्गत किया गया है। उल्लेखनीय है कि उक्त मार्गदर्शिका की कंडिका 01 में गेहूँ अधिप्राप्ति का लक्ष्य 02 लाख मे0टन निर्धारित करते हुये उक्त के आधार पर अधिप्राप्ति कार्यक्रम में संलग्न अभिकरणों का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इस संदर्भ में भारत सरकार के द्वारा दिनांक 01.04.2024 को सम्पन्न वीडियो कॉन्फ्रेसिंग बैठक के माध्यम से निदेश प्राप्त हुआ है कि रबी विपणन मौसम, 2024–25 में गेहूँ अधिप्राप्ति का लक्ष्य 02 लाख मे0टन के स्थान पर 06 लाख मे0टन निर्धारित किया जाय।

भारत सरकार से प्राप्त उपरोक्त निदेश के आलोक में रबी विपणन मौसम, 2024–25 अंतर्गत गेहूँ अधिप्राप्ति हेतु पूर्व निर्धारित लक्ष्य 02 लाख मे0 टन को संशोधित करते हुये 06 लाख मे0टन निर्धारित किया जाता है। तदनुसार गेहूँ अधिप्राप्ति कार्यक्रम में संलग्न अभिकरणों का लक्ष्य निम्नवत होगा –

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पैक्स/व्यापार मंडल | – 3.5 लाख मे0टन |
| 2. | भारतीय खाद्य निगम | – 1.5 लाख मे0टन |
| 3. | नेफेड | – 50 हजार मे0टन |
| 4. | एन0सी0सी0एफ0 | – 50 हजार मे0टन |
| | कुल | – 06 लाख मे0टन |

अतः अनुरोध है कि रबी विपणन मौसम, 2024–25 के लिये निर्गत कार्य योजना एवं मार्ग निर्देश की कंडिका 01 में निर्धारित लक्ष्य को इस हद तक संशोधित माना जाय तथा पुनरीक्षित लक्ष्य के आलोक में समुचित अपेक्षित कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन,

05/04

सरकार के सचिव।

E: Section 10/KMS 2015-16

ज्ञापांक प्र010 / र0वि0अधि0–08 / 2023 1898 खाद्य, पटना / दिनांक – 05/04/2024

प्रतिलिपि – सभी जिला के प्रभारी प्रधान सचिव / सचिव / सभी प्रमंडलीय आयुक्त को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

सरकार के सचिव।

ज्ञापांक प्र010 / र0वि0अधि0–08 / 2023 1898 खाद्य, पटना / दिनांक – 05/04/2024

प्रतिलिपि – प्रधान सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य सहकारी बैंक लि0, पटना / प्रबंधक निदेशक, बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम, पटना / निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना / महाप्रबंधक, भारतीय खाद्य निगम, पटना / शाखा प्रबंधक, भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ मर्यादित (नेफेड), बुद्ध मार्ग, पटना / शाखा प्रबंधक, भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ मर्यादित (एन0सी0सी0एफ0), बुद्ध मार्ग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के सचिव।

ज्ञापांक प्र010 / र0वि0अधि0–08 / 2023 1898 खाद्य, पटना / दिनांक – 05/04/2024

प्रतिलिपि – सचिव, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग, भारत सरकार, कृषि भवन, नई दिल्ली को सूचनार्थ प्रेषित।

सरकार के सचिव।

ज्ञापांक प्र010 / र0वि0अधि0–08 / 2023 1898 खाद्य, पटना / दिनांक – 05/04/2024

प्रतिलिपि – माननीय मंत्री, सहकारिता विभाग के आप्त सचिव तथा माननीय मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

सरकार के सचिव।